**समाचार**

# 10 हजार से अधिक बच्चों ने भी देखी निगम की रामलीला, भविष्य में बनेंगे भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक

**(नगर निगम केरबा ने भव्य रामलीला व दशहरा उत्सव का आयोजन कर अपने मूलकर्तव्यों के साथ–साथ भारतीय संस्कृति व विरासत के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया )**

**(कोरबा के घंटाघर मैदान में बनारस की (देवशक्ति इंटरटेनमेन्ट) द्वारा मंचित श्रीरामलीला को ऊर्जानगरी के दर्शकों का मिला अपार स्नेह, प्रतिदिन 05 हजार से अधिक दर्शकों ने किया श्रीराम भक्ति रस का रसास्वादन )**



कोरबा 02 अक्टूबर 2025 – हमारे भारत की करोड़ों वर्ष पुरानी संस्कृति, हमारी सनातन संस्कृति, हमारी विरासत, धर्म व अध्यात्म, इन्हें सहेजना, इनके ध्वजवाहक बनना, निश्चित रूप से सौभाग्य का विषय है। इस विषय पर एक छोटा सा प्रयास किया नगर निगम कोरबा ने, हमारी पुरातन संस्कृति के अभिन्न अंग '' श्रीरामलीला '' के आयोजन का, जिसे दर्शकों का अपार स्नेह मिला, 10 हजार से अधिक बच्चों ने भी रामलीला देखी, अपनी पुरातन संस्कृति से, मर्यादा पुरूषोत्तम की मर्यादाओं से, उनके द्वारा स्थापित आदर्शो से परिचित हुए, निश्चित रूप से यही बच्चे भविष्य में भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक बनेंगें।

कोरबा विधायक व राज्य के काबीना मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की प्रेरणा, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के प्रयास एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की देख रेख में, नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा में भव्य रामलीला व दशहरा उसत्व आयोजन की योजना बनी तथा इस हेतु गठित आयोजन समिमि के सचिव श्री अशोक चावलानी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द देवांगन व हितानंद अग्रवाल, नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला व पवन वर्मा के साथ मिलकर निगम के पार्षदगणों व अधिकारी कर्मचारियों ने अपने भगीरथ प्रयासों से आयोजन को अमलीजामा पहनाया। 28 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक कोरबा के घंटाघर स्थित डॉ.भीमराव अंबडेकर ओपन थियेटर मैदान में '' भव्य श्रीरामलीला व दशहरा उसत्व मेला '' का आयोजन हुआ, बनारस की सुप्रसिद्ध '' देवशक्ति इंटरटेनमेन्ट '' रामलीला मण्डली ने श्रीरामलीला का ऐसा दिव्य व मनोमुग्धकारी मंचन दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया, कि वे

भावविभोर होकर '' श्रीराम भक्ति रस '' के सागर में गोते लगाते रहें, भक्ति रस से सराबोर होते रहे। इस आयोजन की महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि सोशल मीडिया के इस दौर में जब हर पल–हर हाथ में मोबाईल और नजरे मोबाईल पर रहती हैं, तब लगातार 04 घंटों तक लोग मोबाईल से दूरी बनाकर, केवल और केवल श्रीराम भक्ति में लीन रहे, मर्यादा पुरूषोत्तम की मर्यादाओं को उनके आदर्शो को आत्मसात करते रहें, उनके जीवन चरित्र को हृदयंगम करते रहें। दर्शकों की इसी अपार भीड़ में लगभग 10 हजार से अधिक बच्चे भी थे, जो रील्स एवं सोशल मीडिया की दुनिया से निकलकर भारत की पुरातन संस्कृति व मर्यादाओं से परिचित होते रहे, यहीं बच्चे आगे चलकर भविष्य में भारतीय संस्कृति व विरासत के ध्वजवाहक बनेंगे, संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के संवाहक होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं, इनमें से अधिकांश बच्चों ने पहली बार रामलीला देखी थी, जो उनके बालहृदय पर अमिट छाप छोड़ गई।

**<u>जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य का मिला आशीर्वाद</u> –** निगम द्वारा आयोजित इस भव्य श्रीरामलीला आयोजन को एक ओर जहॉ जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ, वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की सराहना भी महापौर, आयुक्त व आयोजन समित को मिली। आयोजन के दूसरे दिवस जगद्गुरू श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज ने अपनी दिव्य उपस्थिति मंच को दी, तो वहीं तीसरे दिवस मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रामलीला स्थल पर पहुंचकर आयोजन की शोभा बढ़ाई, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को दी। वहीं प्रथम दिवस कोरबा विधायक व प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना कर आयोजन का शुभारंभ कराया, वहीं चौथे दिवस संचेतक आश्वासन समिति छत्तीसगढ़ विधानसभा व बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने अपनी गरिमापूर्ण उपस्थिति आयोजन को दी। उक्त आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से विद्याभारती मध्यक्षेत्र उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर, सहसंगठन मंत्री मध्यक्षेत्र एवं भारतीय लोककला प्रमुख बीरबल सिंह, कोरबा सह विभाग संघ चालक किशोर बुटोलिया, कोरबा विभाग संघ चालक सत्येन्द्रनाथ दुबे, कोरबा नगर कार्यवाह मृगेश यादव, कोरबा जिला कार्यवाह कैलाश नाहक, हसदेव महाआरती समिति से चन्द्रकुमार श्रीवास्तव व रणधीर पाण्डेय, विष्णुशंकर मिश्रा ने भी आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।

**<u>देवशक्ति इंटरटेनमेन्ट का दिव्य मंचन</u>** – बनारस की सुप्रसिद्ध श्रीरामलीला मण्डली '' देवशक्ति इंटरटेनमेन्ट '' द्वारा रामलीला का दिव्य मंचन इस आयोजन की सबसे प्रमुख विशेषता रही, उक्त संस्था 400 से अधिक कार्यक्रम देश व विदेश में अब तक कर चुकी है, संस्था के सदस्य नेशनल स्कूल आफ ड्रामा से प्रशिक्षित है तथा इनसे कई कलाकारों ने टी.वी. सीरियल्स में भी अपना सशक्त अभिनय किया है।